# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23
## HINDI CORE

**Time - 7:15 AM to 10:20 AM** **Class - XI** **M.M. : 80**

**Date – 07.09.2022 (Wednesday)**

**Name of the student** ________________________________ **Section** _____

## खंड "अ" - वस्तुपरक प्रश्न

**प्र.1. (अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1x10=10**

आज की मौत कल पर ढकेलते-ढकेलते एक दिन ऐसा आ जाता है उस दिन मरना ही पड़ता है। यह प्रसंग उन पर नहीं आता जो 'मरण' के पहले मर लेते हैं। जो अपना मरण आँखों से देखते हैं; जो मरण का 'अगाऊ' अनुभव कर लेते हैं, उनका मरण है और जो मरण के अगाऊ अनुभव से जी चुराते हैं, उनकी छाती पर मरण आ पड़ता है। सामने खंभा है - यह बात अंधे को उस खंभे का छाती में प्रत्यक्ष धक्का लगने के बाद मालूम होती है। आँख वाले को यह खंबा पहले ही दिखाई देता है, अतः उसका धक्का उसकी छाती को नहीं लगता । ज़िन्दगी की जिम्मेदारी कोई गिरी मौत नहीं है और मौत कौन - सी ऐसी बड़ी मौत है? जीवन और मरण दोनों आनंद की वस्तु होनी चाहिए। कारण, अपने परम प्रिय पिता ने अर्थात् ईश्वर ने वे हमें दिए हैं। ईश्वर ने जीवन दुखमय नहीं रचा। पर, हमें जीवन जीना आना चाहिए । कौन पिता है, जो अपने बच्चों के लिए परेशानी की ज़िन्दगी चाहेगा? तिस पर ईश्वर के प्रेम और करुणा का कोई पार है? वह अपने लाड़ले बच्चों के लिए सुखमय जीवन का निर्माण करेगा कि परेशानियों और झंझटों से भरा जीवन रचेगा? कल्पना की क्या आवश्यकता है, प्रत्यक्ष ही देखिए न, हमारे लिए जो चीज़ जितनी ज़रूरी है, उसका उतनी ही सुलभता से मिलने का इन्तज़ाम ईश्वर की ओर से है। पानी से हवा ज़्यादा ज़रूरी है, तो ईश्वर ने हवा को अधिक सुलभ किया है । जहाँ नाक है, वहाँ हवा मौजूद है । पानी से अन्न की ज़रूरत कम होने की वजह से पानी प्राप्त करने की अपेक्षा अन्न प्राप्त करने में अधिक परिश्रम करना पड़ता है। आत्मा सबसे अधिक महत्व की वस्तु होने के कारण वह हर एक को हमेशा के लिए दे डाली गई है। ईश्वर की ऐसी प्रेमपूर्ण योजना है। इसका ख्याल न करके हम निकम्मे जड़-जवाहरात जमा करने में जितने जड़ बन जाएं उतनी तकलीफ हमें होगी। परंतु यह हमारी जड़ता का दोष है, ईश्वर का नहीं ।

**i.** उपरोक्त अवतरण को उचित शीर्षक दीजिए।

**ii.** मरण से पहले मरने का क्या अर्थ है?

**iii.** जीवन और मरण कैसे होने चाहिए?

**iv.** जीवन के लिए आवश्यक सुख-दुख कौन प्रदान करता है?

**v.** सबसे अधिक महत्वपूर्ण वस्तु कौन सी है? वह कहाँ है?

**vi.** हमारी तकलीफों का जिम्मेदार कौन है?

**vii.** प्रत्येक व्यक्ति को निश्चित रूप से कभी न कभी क्या मिलनी है?

**viii.** आँख वाले को पहले खंभा कैसे दिखाई दे जाता है?

**ix.** ईश्वर ने जीवन कैसा नहीं रचा?

**x.** 'जिम्मेदारी' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग किया गया है?

ब- **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1x5=5**

मैं फिर जन्म लूँगा,
फिर मैं, इसी जगह आऊंगा।
उचटती निगाहों की भीड़ में, अभावों के बीच,
लोगों की क्षत-विक्षत पीठ सहलाऊंगा।
लँगड़ाकर चलते हुए पाँवों को कंधा दूँगा,
गिरी हुई पद-मर्जित पराजित विवशता को, बाँहों में उठाऊँगा।
इस समय में, इस अनगिनत अचीन्ही आवाजों में कोई दर्द है। कोई नहीं सुनता।
पर इन आवाजों को और  कराहों को, दुनिया सुने, मैं यह चाहूंगा।
मेरी तो आदत है रोशनी जहाँ भी हो, उसे खोज लाऊँगा।
कातरता, चुप्पी या चीखें, या हारे हुए लोगों की खीझ,
जहाँ भी मिलेंगी, उन्हें प्यार के सितार पर बजाऊंगा।
जीवन में कई बार उकसाकर, मुझे अनलंघ्य सागरों में फेंका है,
अगन भट्टियों में झोंका है,
मैंने वहां भी, ज्योति की मशाल प्राप्त करने के यत्न किए,
बचने के नहीं, तो क्या इन टटकी बंदूकों से डर जाऊंगा ?
तुम मुझको दोषी ठहराओ, मैंने तुम्हारे सुनसान का गला घोंटा है ।
पर मैं गाऊंगा, चाहे इस प्रार्थना सभा में, तुम सब मुझ पर गोलियाँ चलाओ,
मैं मर जाऊंगा। लेकिन मैं कल फिर जन्म लूँगा, कल फिर आऊँगा।

क) प्रस्तुत कविता में कवि ने किसके प्रति श्रद्धांजलि देने का प्रयत्न किया है?

ख) जिसे श्रद्धांजलि दी गई है, वह किनकी सहायता करने के लिए पुनः जन्म लेंगे?

ग) उस महापुरुष ने स्वयं अपने जीवन में क्या झेला था?

घ) महापुरुष किस से नहीं डरेंगे?

ङ) महापुरुष की हत्या किस प्रकार की गई थी?

**अथवा**

तू हिमालय नहीं, तू न गंगा यमुना,
तू त्रिवेणी नहीं, तू न रामेश्वरम ।
तू महाशील की है अमर कल्पना,
देश ! मेरे लिए तू परम वंदना।

मेघ करते नमन, सिंधु धोता चरण,
लहलहाते सहस्त्र यहां खेत-वन
नर्मदा - ताप्ती, सिंधु, गोदावरी
है कराती युगों से तुझे आचमन ।
तू पुरातन बहुत , तू नए से नया,
तू महाशील की है अमर कल्पना ।
देश ! मेरे लिए तू महाअर्चना,
शक्ति- बल का समर्थक रहा सर्वदा ।
तू परम तत्व का नित्य विचारक रहा,
शांति संदेश देता रहा विश्व को ।
प्रेम सद्भाव का नित्य प्रचारक रहा ।
सत्य और प्रेम की है परम प्रेरणा,
देश ! मेरे लिए तू महा अर्चना ।

क) कवि ने देश को 'महाशील की अमर कल्पना ' कहा है- इस से कवि का क्या तात्पर्य है?

ख) भारत देश पुरातन होते हुए भी नित्य नूतन कैसे है?

ग) 'तू परम तत्व का नित विचारक रहा' - इस पंक्ति का भावार्थ लिखिए।

घ) देश का सत्कार प्रकृति कैसे करती है?

ङ) पद्यांश में किन - किन नदियों के नाम आए हैं? लिखिए।

**प्र.2. 'अभिव्यक्ति और माध्यम' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: 1x 5= 5**

**1.** 'ब्रेकिंग न्यूज़' का क्या आशय है?

क) समाचार के बीच में ब्रेक होना

ख) कार्यक्रम के बीच में कोई विशेष व नया समाचार दर्शकों तक पहुँचना

ग) समाचार के बीच व्यवधान उत्पन्न होना

घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2.** इंटरनेट पत्रकारिता को निम्नलिखित में किस नाम से नहीं जाना जाता-

क) ऑनलाइन पत्रकारिता ख) साइबर पत्रकारिता

ग) जालयुक्त पत्रकारिता घ) वेब पत्रकारिता

**3.** सामान्यतः अखबारों की भाषा कैसी होनी चाहिए?

क) तत्सम शब्दों की अधिकता वाली भाषा

ख) सीधी- सादी आम बोलचाल की भाषा

ग) अंग्रेज़ी व हिंदी मिली-जुली भाषा

घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से ' समूह- संचार ' क्या है?

क) माता और पिता की बातचीत　　ख. शिक्षक और छात्र की परस्पर बातचीत

ग) एक समूह का परस्पर विचार - विमर्श　　घ) उपरोक्त सभी

5. ' संचार ' का तात्पर्य है-

क) लोगों की भीड़ चलना　　ख) बादलों का आच्छादन

ग) सूचनाओं, विचारों और भावनाओं का आदान-प्रदान　　घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्र.3　(क) दिए गए काव्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -　　1x5=5**

और माँ ने कहा होगा,
दुख कितना बहा होगा,
आँख में किसलिए पानी
वहाँ अच्छा है भवानी।
वह तुम्हारा मन समझ कर,
और अपनापन समझ कर,
गया है सो ठीक ही है,
यह तुम्हारी लीक ही है।

1. उपरोक्त काव्यांश के कवि हैं-

क. भबानी शंकर षड़ंगी　　ख. भवानी प्रसाद तिवारी

ग. भवानी प्रसाद मिश्र　　घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

2. कवि के पिता के विचलित होने पर उन्हें किसने धैर्य दिया?

क. कवि के मित्र ने　　ख. कवि की बहनों ने

ग. कवि की माता ने　　घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

3. कवि ने किसकी परंपरा को कायम रखा?

क. अपनी माता की　　ख. अपने पिता की　　ग. अपने वंश की　　घ. अपनी बहनों की

4. किसकी आँखों में आँसु थे?

क. माता की　　ख. पिता की　　ग. दोनों की　　घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

5. माता ने पुत्र के जेल जाने का कारण क्या बताया?

क. पुत्र ने पुलिस से झगड़ा किया था　　ख. पिता के मन की बात और देश प्रेम के कारण

ग. बहनों की लाज़ बचाने के लिए　　घ. उपरोक्त सभी।

**ख. दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: 1x5=5**

रासबिहारी एवेन्यू की एक बिल्डिंग में मैंने एक कमरा भाड़े पर लिया था, वहाँ पर बच्चे इंटरव्यू के लिए आते थे। बहुत -से लड़के आए, लेकिन अपू की भूमिका के लिए मुझे जिस तरह का लड़का चाहिए था, वैसा एक भी नहीं था। एक दिन एक लड़का आया । उसकी गर्दन पर लगा पाउडर देखकर मुझे शक हुआ। नाम पूछने पर नाज़ुक आवाज़ में वह बोला - 'टिया'।

**1.** उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

क. फिल्मकार का इंटरव्यू ख. बच्चे का इंटरव्यू

ग. अपू के साथ ढाई साल घ. नमक का दारोगा

**2.** फिल्मकार कहाँ रहता था?

क. आलीशान महल में ख. किराए के कमरे में ग. हवेली में घ. फुटपाथ पर

**3.** उसके पास बच्चे इंटरव्यू के लिए क्यों आते थे?

क. क्रिकेट टीम में चयन हेतु

ख. शतरंज खेलने के लिए

ग. नृत्य मंडली में शामिल होने के लिए

घ. एक फिल्म के लिए बच्चे का चयन किया जाना था

**4.** फिल्मकार को किस बात पर शक हुआ था?

क. गर्दन पर लगे पाउडर को देखकर ख. उसका मोटापा देखकर

ग. उसकी चाल देखकर घ. उपरोक्त सभी

**5.** जिस बच्चे पर शक हुआ था, उसका नाम क्या था?

क. रिया ख. टिया ग. पिया घ. अंशु

**प्र.4. (क) ' वितान ' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: 1x10=10**

**1.** लता मंगेशकर के पिता कौन थे?

(क) हृदयनाथ मंगेशकर (ख) दीनानाथ मंगेशकर

(ग) प्रभुनाथ मंगेशकर (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2.** लता जी के गायन की प्रमुख विशेषता कौन सी है?

(क) स्वरों की चंचलता (ख) उच्च स्वर

(ग) निम्न स्वर (घ) स्वरों की कोमलता और गानपन

**3.** लेखक के अनुसार नूरजहां के गायन की विशेषता है-

(क) मादक उत्तान (ख) कोमलता (ग) मधुर वाणी (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. संगीत का जीवन में क्या लाभ होता है?

(क) आदमी बोरियत महसूस नहीं करता (ख) संगीत जीवन में आनंद भर देता है

(ग) संगीत सुनने से नौकरी भी मिल सकती है (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. शास्त्रीय संगीत की विशेषता है-

(क) इसमें चंचलता है (ख) इसमें गंभीरता का स्थायी भाव है

(ग) जल्दी समाप्त हो जाता है (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. चित्रपट संगीत की विशेषता है-

(क) इसे कोई भी अच्छी तरह गा सकता है (ख) यह गंभीर गान है

(ग) यह गोपनीय विद्या है (घ) इसमें जलद, लय और चपलता है

7. कुमार गंधर्व ने लता का गाना पहली बार कहाँ सुना था?

(क) टी. वी. पर (ख) रेडियो पर (ग) संगीत सभा में (घ) उपरोक्त सभी में

8. लेखक के अनुसार लता जी ने किस रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया है?

(क) श्रृंगार रस (ख) वीर रस (ग) करुण रस (घ) उपरोक्त सभी

9. कुमार गंधर्व ने लता को किस उपाधि से विभूषित किया है?

(क) शास्त्रीय संगीत की मल्लिका (ख) चित्रपट संगीत की साम्राज्ञी

(ग) भोली गायिका (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. 'लता मंगेशकर- - -' पाठ में 'ध्वनि मुद्रिका' का अर्थ है -

(क) तरंग (ख) साज़ (ग) आवाज़ (घ) उपरोक्त सभी

## खंड - ब - वर्णनात्मक प्रश्न

**प्र.5. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए: (5)**

(क) महँगाई की मार (ख) आज का युवा वर्ग

ग) विज्ञापनों के जाल में घिरा समाज (घ) नारी और नौकरी

प्र.6. आपकी कॉलोनी में एक परिवार में 2 सदस्य कोरोना पॉजिटिव है और चिकित्सक द्वारा उन्हें घर पर ही विश्राम की सलाह दी गई है, किंतु वह सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क लगाए घूमते हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को इस संबंध में एक **शिकायती पत्र** लिखिए। (5)

**अथवा**

आपकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु आप ने 3 माह पूर्व संबंधित बी.एल.ओ. के माध्यम से आवेदन पत्र जमा कर दिया था, किंतु आप का नाम क्षेत्र की मतदाता सूची में अभी तक नहीं जुड़ पाया। जिले के कलेक्टर / निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में **स्मरण पत्र** लिखिए।

प्र.7. (क) आपने अपने सिख मित्र के साथ गुरुद्वारे द्वारा आयोजित लंगर में पहली बार भोजन प्रसाद ग्रहण किया है। अपने अनुभव को डायरी में लगभग 60 शब्दों में लिखें। **(3)**

(ख) कक्षा में अध्ययन के दौरान आपको अचानक चक्कर आने लगे। आप की बेंच पर एक नया सहपाठी बैठा था जिसने तुरंत आपकी सहायता की और आपके स्वस्थ होने तक आपकी सेवा-सुश्रुषा में लगा रहा। इस अनुभव को अपनी डायरी में लगभग 60 शब्दों में लिखिए। **(3)**

**प्र.8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए: 2x2= (4)**

(क) हिंदी शब्दकोश में निम्नलिखित शब्दों का सही क्रम क्या होगा? लिखिए:

कैंची, कंगन, कृपाण, क्षत्रिय

(ख) हिंदी वर्णमाला में कितने वर्ण हैं? स्वरों व व्यंजनों की कुल संख्या कितनी है?

(ग) निम्नलिखित शब्दों को हिंदी शब्दकोश के अनुसार सही क्रम में लिखिए:

स्वागत, सुप्रभात, श्रोता, सौंदर्य

**प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 3x 2= 6**

(क) कबीर ने ईश्वर एक होने के पक्ष में क्या-क्या तर्क दिए हैं?

(ख) कृष्ण की भक्ति में दीवानी मीरा की दशा का वर्णन पहले पद के आधार पर कीजिए?

(ग) 'घर की याद' कविता में वर्णित कवि के पिताजी की कोई तीन विशेष विशेषताएँ लिखिए?

**प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए: 2x 2= 4**

(क) ' घर की याद ' कविता के कवि घर पर क्यों नहीं हैं? घर पर उनके कितने भाई - बहन हैं?

(ख) कबीर ने अपने पद में कुम्हार को ईश्वर का प्रतीक क्यों माना है?

(ग) मीराबाई कृष्ण को किस रूप में स्वीकार करती हैं और क्यों?

**प्र.11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 3x 2= 6**

(क) ' नमक का दारोगा ' पाठ में दारोगा के पिता ने उन्हें क्या-क्या शिक्षाएं दी थीं ? क्या वे पिता की उन शिक्षाओं का पालन कर सके?

(ख) मियां नसीरुद्दीन कितने प्रकार की रोटियाँ बनाते थे? किन्हीं चार प्रकार की रोटियों के नाम लिखिए।

(ग) 'अपू के साथ ढाई साल ' पाठ में फिल्म निर्माण की किन किन समस्याओं का वर्णन किया गया है? क्या इस क्षेत्र में उपरोक्त समस्याएँ आज भी मौजूद हैं?

**प्र.12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए: 2x 2= 4**

(क) नमक के दारोगा का क्या नाम था? पाठ के आधार पर उनकी कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) मियां नसीरुद्दीन को 'नान बाइयों का मसीहा' क्यों कहा गया है?

(ग) फिल्म में अपू की भूमिका किसने की थी? शूटिंग के समय अपू की आयु के संबंध में क्या परेशानी आई थीं?